पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल, जैसलमेर

निविदा आमंत्रण सूचना

प्राचार्य, **पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल, जैसलमेर** द्वारा विद्यालय भवन के **आंतरिक पेंटिंग कार्य (Internal Painting Work)** हेतु पात्र एवं अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों से मुहरबंद लिफाफों में निविदाएँ आमन्त्रित की जाती हैं।

क्र.सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित मात्रा
1	आंतरिक दीवारों एवं छतों की सतह तैयार करके आवश्यक शेड में अनुमोदित गुणवत्ता के इमल्शन पेंट के दो कोट लगाना। कार्य में ढीला पेंट, धूल एवं गंदगी हटाना तथा दरारों, छेदों एवं असमतल सतहों को उपयुक्त वॉल पुट्टी से भरना शामिल है।	7,600 वर्ग मीटर
2	दीवारों की सतह तैयार करके आवश्यक शेड में अनुमोदित गुणवत्ता के इंटीरियर एनामेल पेंट (ऑयल पेंट) का एक कोट लगाना। कार्य में ढीला पेंट, धूल एवं गंदगी हटाना तथा दरारों, छेदों एवं असमतल सतहों को उपयुक्त वॉल पुट्टी से भरना शामिल है।	3,500 वर्ग मीटर
3	लकड़ी की सतहों/दरवाजों पर आवश्यक सतह तैयारी के उपरांत अनुमोदित गुणवत्ता के सिंथेटिक एनामेल पेंट का एक कोट लगाना।	190 वर्ग मीटर
4	धातु की सतहों/खिड़कियों पर आवश्यक सतह तैयारी के उपरांत अनुमोदित गुणवत्ता के सिंथेटिक एनामेल पेंट का एक कोट लगाना।	200 वर्ग मीटर

नियम एवं शर्तें

1. निविदा केवल **डाक द्वारा (By Post)** स्वीकार की जाएगी। हाथ से प्रस्तुत निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएँगी।
2. निविदा एक मुहरबंद लिफाफे में **"आंतरिक पेंटिंग कार्य हेतु निविदा"** अंकित करते हुए निम्न पते पर भेजी जाए:
   प्राचार्य , पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल, जैसलमेर (राजस्थान)-345001
3. निविदा हेतु सुरक्षा/धरोहर राशि के रूप में **₹30,000/- (रुपये तीस हजार मात्र)** विद्यालय के निम्नलिखित वी.वी.एन. खाते में ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है:
   Account Name: KV AFS JAISALMER VVN ACCOUNT
   Account Number: 596202010000003, **IFSC Code:** UBIN0559628
4. सुरक्षा/धरोहर राशि ऑनलाइन जमा किए जाने का प्रमाण निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। सुरक्षा/धरोहर राशि का भुगतान किसी अन्य माध्यम से स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. निविदा आमंत्रण प्रपत्र विद्यालय की वेबसाइट https://afsjaisalmer.kvs.ac.in से डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरना होगा। सभी आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं संबंधित दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
6. उद्धृत दरों में सामग्री, श्रम, उपकरण, सतह की तैयारी, परिवहन, कर तथा कार्य को पूर्ण करने हेतु आवश्यक सभी आनुषंगिक व्यय शामिल होने चाहिए।
7. पेंट का ब्रांड (ASIAN PAINT, BERGER, NEROLAC & Other premium Quality), गुणवत्ता एवं शेड विद्यालय/सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के अधीन होगा।
8. अपूर्ण, बिना हस्ताक्षर एवं मुहर के अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त निविदाएँ अस्वीकार कर दी जाएँगी।
9. विद्यालय प्रशासन द्वारा प्राप्त निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
10. कार्य समाप्ति पर कार्य संतोषजनक पाए जाने पर विद्यालय स्तरीय जाँच समिति द्वारा सत्यापन उपरांत भुगतान किया जाएगा।
11. विद्यालय द्वारा किसी प्रकार का कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।

निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि: 25-10-2026
निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 26-10-2026

प्राचार्य
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय
वायु सेना स्थल जैसलमेर

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल जैसलमेर(राज(.-345001
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA AFSJAISALMER (RAJ.)-345001
दूरभाष 02992-294729 E-Mail:kvjaisalmer@gmail.com
Website: https://afsjaisalmer.kvs.ac.in
सीबीएसई संबद्धता संख्या 1700025 : सीबीएसई विद्यालय क्रमांक 14151 :
केविसं विद्यालय क्रमांक 1611 : केविसं स्टेशन क्रमांक 337 :

निविदा दस्तावेज

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, वायुसेना स्थल जैसलमेर, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय की एक इकाई है। यह एक शैक्षणिक संस्था है, जो सोसाइटीज़ रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत केंद्रीय विद्यालय संगठन के अधीन कार्यरत है।

प्राचार्य, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल, जैसलमेर की ओर से विद्यालय भवन के **आंतरिक पेंटिंग कार्य (Internal Painting Work)** हेतु अनुभवी सेवा प्रदाताओं/फर्मों/ठेकेदारों से उक्त कार्य के लिए सामग्री एवं मजदूरी सहित दरों हेतु सीलबंद प्रतिस्पर्धी निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

1. निविदा का विषय

विद्यालय भवन के आंतरिक भाग में निम्नलिखित कार्य किया जाना है:

(i) आंतरिक दीवारों एवं छतों की सतह तैयार करके आवश्यक शेड में अनुमोदित गुणवत्ता के इमल्शन पेंट के दो कोट लगाना। कार्य में ढीला पेंट, धूल एवं गंदगी हटाना तथा दरारों, छेदों एवं असमतल सतहों को उपयुक्त वॉल पुट्टी से भरना शामिल है।
अनुमानित मात्रा: 7,600 वर्ग मीटर

(ii) दीवारों की सतह तैयार करके आवश्यक शेड में अनुमोदित गुणवत्ता के इंटीरियर एनामेल पेंट (ऑयल पेंट) का एक कोट लगाना। कार्य में ढीला पेंट, धूल एवं गंदगी हटाना तथा दरारों, छेदों एवं असमतल सतहों को उपयुक्त वॉल पुट्टी से भरना शामिल है।
अनुमानित मात्रा: 3,500 वर्ग मीटर

(iii) लकड़ी की सतहों/दरवाजों पर आवश्यक सतह तैयारी के उपरांत अनुमोदित गुणवत्ता के सिंथेटिक एनामेल पेंट का एक कोट लगाना।
अनुमानित मात्रा: 190 वर्ग मीटर

(iv) धातु की सतहों/खिड़कियों पर आवश्यक सतह तैयारी के उपरांत अनुमोदित गुणवत्ता के सिंथेटिक एनामेल पेंट का एक कोट लगाना।
अनुमानित मात्रा: 200 वर्ग मीटर

2. निविदा की प्रमुख जानकारी

क्र.सं.	विवरण	सूचना
1	निविदा का प्रकार	ओपन एवं विज्ञापित (Open Tender)
2	निविदा श्रेणी	आंतरिक पेंटिंग कार्य (Internal Painting Work)
3	निविदा प्रकाशन तिथि	04-10-2026
4	टेंडर डॉक्यूमेंट डाउनलोड करने की तिथि	04-10-2026
5	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि (डाक द्वारा)	25-10-2026
6	निविदा खोलने की तिथि	26-10-2026 (10:00 बजे)
7	बोली प्रणाली	एकल -बोली प्रणाली
8	निविदा वैधता अवधि	180 दिन
9	बोली सुरक्षा राशि (EMD)	₹30,000/- (केवल तीस हजार रुपये)
10	भुगतान का तरीका	RTGS/NEFT के माध्यम से KV AFS JAISALMER VVN ACCOUNT के नाम खाता संख्या 596202010000003, IFSC Code UBIN0559628 में ऑनलाइन भुगतान
11	कार्य पूर्ण करने की समयसीमा	कार्य आदेश मिलने के **60 दिन** के भीतर

३. पात्रता शर्तें

- पेंटिंग/रंगरोगन कार्य का अनुभव रखने वाले पंजीकृत फर्म/ठेकेदार ही आवेदन कर सकते हैं।
- GST, PAN, लाइसेंस/पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है।
- किसी भी केंद्रीय/राज्य शासकीय संस्था द्वारा ब्लैकलिस्टेड फर्म पात्र नहीं होगी।
- संबंधित कार्य का पूर्व अनुभव रखने वाले फर्म/ठेकेदार को प्राथमिकता दी जाएगी

४. नियम एवं शर्तें

1. ठेकेदार को समस्त आवश्यक सामग्री (पेंट, प्राइमर, वॉल पुट्टी, ब्रश, रोलर, सीढ़ी, सेफ्टी उपकरण आदि) स्वयं उपलब्ध करानी होगी।
2. दीवारों/सतहों पर वर्तमान में लगे डिस्प्ले बोर्ड, चित्र आदि को पेंटिंग से पूर्व हटाना और कार्य के पश्चात पुनः स्थापित करना ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी। इसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा। कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विद्यालय की संबंधित समिति/अधिकृत अधिकारी से आवश्यक स्वीकृति लेना होगा।
3. पेंटिंग से पूर्व दीवारों एवं संबंधित सतहों की सफाई एवं आवश्यक सतह तैयारी करना अनिवार्य होगा। जब तक किसी भाग की सतह की तैयारी पूर्ण नहीं हो जाती, उस पर पेंटिंग का कार्य प्रारम्भ नहीं किया जाएगा।
4. इमल्शन पेंट के निर्धारित दो कोट में से दूसरा कोट पहले कोट के पूर्ण रूप से सूखने के बाद तथा विद्यालय द्वारा अधिकृत अधिकारी/समिति की अनुमति के उपरांत ही किया जाएगा।
5. पेंट का ब्रांड, गुणवत्ता एवं शेड विद्यालय/सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के अधीन होगा। ठेकेदार को स्वीकृत गुणवत्ता के पेंट एवं सामग्री का ही उपयोग करना होगा।
6. विद्यालय द्वारा चिन्हित स्थानों पर आवश्यकता होने पर अतिरिक्त सतह तैयारी/कोटिंग करनी होगी, जिसके लिए निविदा में उद्धृत दरों के अतिरिक्त कोई भुगतान देय नहीं होगा, जब तक कि विद्यालय द्वारा लिखित रूप से अन्यथा स्वीकृति न दी गई हो।
7. यदि कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण नहीं किया जाता है, तो विद्यालय द्वारा निविदा की शर्तों के अनुसार नियमानुसार विलंब शुल्क/दंड लगाया जा सकता है।
8. कार्य के दौरान भवन, फर्नीचर, विद्युत उपकरण अथवा विद्यालय की किसी अन्य संपत्ति को हुए नुकसान की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
9. कार्य पूर्ण होने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बिल प्रस्तुत करने पर RTGS/NEFT द्वारा भुगतान किया जाएगा। TDS/GST आदि की कटौती नियमानुसार की जाएगी।
10. विद्यालय किसी भी समय निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने अथवा किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
11. कार्य स्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा, अनुशासन एवं आचरण की पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
12. ठेकेदार द्वारा कार्य के दौरान विद्यालय की सुरक्षा, स्वच्छता एवं अनुशासन संबंधी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
13. सभी उद्धृत दरों में सामग्री, श्रम, उपकरण, सतह की तैयारी, परिवहन, कर तथा कार्य को पूर्ण करने हेतु आवश्यक सभी आनुषंगिक व्यय शामिल होने चाहिए।
14. निविदा केवल **डाक (By Post)** द्वारा स्वीकार की जाएगी। हाथ से प्रस्तुत निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएँगी।
15. निविदा एक मुहरबंद लिफाफे में निम्न पते पर भेजी जाए:
    प्राचार्य,
    पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय,
    वायुसेना स्थल, 41 विंग वायुसेना स्थल,
    जैसलमेर (राजस्थान)– 345001
16. लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से लिखा जाए:

"निविदा हेतु – आंतरिक पेंटिंग कार्य, PM SHRI KV AFS Jaisalmer (2026-27)"

17. निर्धारित **₹30,000/- (रुपये तीस हजार मात्र)** की धरोहर/EMD राशि ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है। इसका भुगतान निम्नलिखित खाते में किया जाएगा:
    Account Name: KV AFS JAISALMER VVN ACCOUNT
    Account Number: 596202010000003
    IFSC Code: UBIN0559628
18. धरोहर/EMD राशि ऑनलाइन जमा किए जाने का प्रमाण (NEFT/RTGS रसीद) निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। किसी अन्य माध्यम से भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा।

19. निविदा आमंत्रण प्रपत्र विद्यालय की वेबसाइट https://afsjaisalmer.kvs.ac.in से डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरना होगा तथा सभी आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं संबंधित दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
20. अपूर्ण, बिना हस्ताक्षर एवं मुहर के अथवा निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदाएँ अस्वीकार कर दी जाएँगी।

५. आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज

1. पूर्ण रूप से भरा हुआ निविदा प्रपत्र।
2. ₹30,000/- धरोहर/EMD राशि जमा करने का प्रमाण (NEFT/RTGS रसीद)।
3. GST प्रमाण-पत्र की प्रति।
4. PAN कार्ड की प्रति।
5. फर्म/संस्था का पंजीकरण प्रमाण-पत्र/लाइसेंस की प्रति।
6. संबंधित पेंटिंग/रंगरोगन कार्य के अनुभव से संबंधित प्रमाण-पत्र/कार्यादेश, यदि उपलब्ध हो।
7. नॉन-ब्लैकलिस्टिंग शपथ पत्र।
8. निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर एवं फर्म की मुहर।

6. निविदा प्रस्तुत करने का तरीका

- निविदा दस्तावेज लिफाफे में सील करे।
- लिफाफे के ऊपर लिखें –
  "निविदा हेतु – आंतरिक पेंटिंग कार्य, PM SHRI KV AFS Jaisalmer (2026-27)"
  पता:

  प्राचार्य,
  पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय,
  वायुसेना स्थल, 41 विंग वायुसेना स्थल जैसलमेर (राजस्थान) – 345001
- सील किया गया लिफाफा उपरोक्त पते पर स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से निर्धारित अंतिम तिथि से पहले भिजवाना सुनिश्चित करें। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाली निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी।

प्राचार्य

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल, जैसलमेर

आंतरिक पेंटिंग कार्य हेतु निविदा – पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल जैसलमेर

1. फर्म का नाम : .....
2. मालिक /प्रोप्राइटर का नाम : .....
3. पता : .....
4. टेलीफोन/मोबाइल नंबर : .....
5. लाइसेंस नंबर : .....
6. पैन नंबर : .....
7. TIN नंबर : .....
8. जीएसटी नंबर (प्रमाण संलग्न करें) : .....
9. पेंटिंग के लिए प्रति वर्ग फ़ीट दर

क्रम संख्या	विद्यालय भवन के आन्तरिक रंग रोगन कार्य का विवरण	सामग्री का विशेष विवरण (गुणवत्ता, ब्रांड, श्रेणी, पैकिंग आदि)	**सामग्री , मजदूरी एवं अन्य अधिभार लागत (सभी करों सहित) प्रति वर्ग मीटर**
1	**आंतरिक दीवारों एवं छतों की सतह तैयार करके आवश्यक शेड में अनुमोदित गुणवत्ता के इमल्शन पेंट के दो कोट लगाना।**		
2	**दीवारों की सतह तैयार करके आवश्यक शेड में अनुमोदित गुणवत्ता के इंटीरियर एनामेल पेंट (ऑयल पेंट) का एक कोट लगाना।**		
3	**लकड़ी की सतहों/दरवाजों पर आवश्यक सतह तैयारी के उपरांत अनुमोदित गुणवत्ता के सिंथेटिक एनामेल पेंट का एक कोट लगाना।**		
4	**धातु की सतहों/खिड़कियों पर आवश्यक सतह तैयारी के उपरांत अनुमोदित गुणवत्ता के सिंथेटिक एनामेल पेंट का एक कोट लगाना।**		
नोट: उद्धृत दरों में सामग्री, मजदूरी, सतह तैयारी, उपकरण, परिवहन, कर एवं कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक सभी आनुषंगिक व्यय सम्मिलित होंगे। पेंट उच्च गुणवत्ता एवं **Asian Paint, Berger** अथवा **Nerolac** में से किसी ब्रांड का स्वीकार्य होगा।			

घोषणा

मैंने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल जैसलमेर के विद्यालय भवन में आंतरिक रंगरोगन कार्य हेतु जारी निविदा प्रपत्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लिया है तथा उसमें उल्लिखित नियम एवं शर्तों के अनुसार बिना किसी परिवर्तन के विद्यालय को उक्त कार्य हेतु सेवाएँ प्रदान करने हेतु सहमति व्यक्त करते हुए उद्धृत दरों पर कार्य करने के लिए तैयार हूँ।

उपरोक्त संदर्भ में सुरक्षा राशि रुपये 30,000/- (रुपये तीस हजार मात्र) का भुगतान "KV JAISALMER VVN ACCOUNT" के पक्ष में NEFT/RTGS के माध्यम से कर दिया गया है।

स्थान : .....

दिनांक : .....

मुहर सहित हस्ताक्षर : .....